हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 17 मई 2026

06 अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए लगी टोकन...



09 राह के रोड़ा बन रहे हाईवे के किनारे लगे गिट्टी और...





## खबर संक्षेप

### निर्धारित केंद्रों पर 25 तक जमा होंगे आवेदन

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं अन्य दावे-आपत्तियों के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 15 मई 2026 से 25 मई 2026 तक निर्धारित केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस अवधि में पात्र नागरिक अपने नाम दर्ज कराने, त्रुटियों के सुधार अथवा अन्य आवश्यक संशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

### 6 लाख 30 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक पिपरिया की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा स्वेच्छानुदान निधि से पिपरिया एवं बनखेडी के 100 हितग्राहियों को 06 लाख 30 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय नर्मदापुरम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक पिपरिया ठाकुर दास नागवंशी की अनुशंसा पर पिपरिया एवं बनखेडी को राशि स्वीकृत की गई है।

## गेहूं खरीदी में सख्ती: जिला अपूर्ति अधिकारी ने किया उपार्जन केंद्रों का दौरा

# अमानक गेहूं मिलने पर अधिकारियों का एक्शन, केंद्र प्रभारियों को सख्त हिदायत

कलेक्टर के निर्देश पर जिला अपूर्ति अधिकारी ने शनिवार को गेहूं उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिले में चल रहे गेहूं उपार्जन कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सख्त नजर आ रहा है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नीता कोरी के नेतृत्व में अधिकारियों के दल ने विभिन्न गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अमानक गेहूं मिलने पर अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की और केंद्र प्रभारियों को सख्त हिदायत दी कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



### कलेक्टर के निर्देश पर हो रही निरंतर मॉनिटरिंग

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है। अब तक जिले के 44,391 किसानों से 4 लाख 05 हजार 025 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इस निरीक्षण और कार्रवाई दल में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नीता कोरी के साथ नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक सुरेश संखेरे और मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के जिला प्रबंधक वासुदेव दावंडे विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसी चेकिंग जारी रहेगी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाईयां

**बम्होरी कला (एमजी वेयरहाउस) में 265 बोरियां रिजेक्ट:** सेवा सहकारी समिति तरौनकल द्वारा संचालित इस केंद्र पर व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं, लेकिन एक किसान द्वारा लाई गई 265 बोरियों में मिट्टी और अन्य सामग्री (फॉरेन मैटेरियल) सीमा से अधिक मिली। अधिकारियों ने सर्वेयर के माध्यम से तुरंत इस अमानक स्कंद को रिजेक्ट कराया। इसके अलावा, गोदाम के अंदर रखे गेहूं के रेंडम सैंपल लेकर भी गुणवत्ता जांची गई।

**कमला वेयरहाउस में छन्ना लगाने के निर्देश:** समिति के केंद्र क्रमांक-2 पर जब किसान द्वारा लाया गया गेहूं अमानक स्तर का पाया गया, तो अधिकारियों ने उसे साफ करने के लिए स्कंद में पंखा और छन्ना लगाने के सख्त निर्देश दिए।

**पिपरिया मंडी में भी लगाई फटकार:** कृषि उपज मंडी पिपरिया के निरीक्षण में बोरियों में अमानक गेहूं मिलने पर अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया। खरीदी केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ढेर की गुणवत्ता जांची जाए और केवल निर्धारित मापदंड का गेहूं ही खरीदकर एफसीआई को भेजा जाए। वहीं कलेक्टर ने गेहूं खरीदी को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं कि सभी उपार्जन समिति एवं सदस्य केवल एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूं ही खरीदा जाए तथा मिट्टी या अन्य फॉरेन मटेरियल युक्त गेहूं की खरीदी किसी भी स्थिति में न की जाए। इसके लिए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को खरीदी केंद्रों का नियमित एवं सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

## 5.54 लाख की अवैध शराब सहित स्विफ्ट कार हुई जब्त

### कार में रखी थी 18 पेटी अवैध मदिरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम अभिषेक राजन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नर्मदापुरम जितेंद्र पाठक के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर सूचना पर एक्सीलेंस स्कूल वाले मैदान में पानी की टंकी के पास सफेद रंग की स्विफ्ट एमपी 04 सीक्यू 7119 की घेराबंदी की।

तलाशी लेने पर उक्त कार में दो व्यक्ति सोते हुये मिले एवं कार की तलाशी लेने पर 18 पेटी देशी मदिरा प्लेन मिली जो करीब 162 लीटर और कीमत 54,000 रु की है। कार सवार युवक शोएब खान पिता अल्ताफ खान उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड 15 माखननगर एवं सुरेन्द्र पिता अखिलेश यादव उम्र 27 वर्ष निवासी आईटीआई अंकिता नगर नर्मदापुरम हैं। शराब के संबंध मे दोनों व्यक्तियों से संबंध पूछताछ के दौरान कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं मिले। शराब को श्याम ठाकुर निवासी कुलामड़ी नर्मदापुरम से खरीदना बताया है।

थाना कोतवाली नर्मदापुरम में दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध गया है। शराब विक्रेता श्याम ठाकुर को भी आरोपी बनाया है। कार्रवाई में मुख्य भूमिका निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर थाना कोतवाली, उपनिरीक्षक जितेंद्र चौहान, सहायक उपनिरीक्षक संजय रघुवंशी, प्रधान आरक्षक रितेश यदुवंशी, आरक्षक अजमेश चंद्रोल, धर्मेंद्र, कमलेश, रोहन एवं सतीश की रही।

## मशालों की रोशनी में पहली लाइन से जयस्तंभ तक निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के मुद्दे पर इटारसी की सड़कों पर शुक्रवार रात आक्रोश का सैलाब उमड़ पड़ा। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एक विशाल मशाल यात्रा निकाली।

रमशालों की रोशनी में कार्यकर्ताओं का गुस्सा साफ झलका, जिन्होंने पूरी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया। जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने बताया कि रात 8 बजे पहली लाइन स्थित कार्यालय से यह जुलूस शुरू हुआ। हाथों में जलती मशालें और जुबां पर सरकार विरोधी नारों के साथ कार्यकर्ताओं का हुजूम सराफा बाजार, मराठी स्कूल और पोस्ट ऑफिस





रोड होते हुए चिकमगलूर चौराहा पहुंचा। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए यह जुलूस जयस्तंभ चौक पर एक विशाल सभा के रूप में तब्दील हो गया।एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने अपने संबोधन में सरकार पर सीधा और कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा पहले व्यापमं कांड ने प्रदेश के भविष्य को दीमक की तरह चाटा और अब नीट पेपर लीक ने देश के करोड़ों छात्रों के भरोसे को खत्म कर दिया है। भाजपा सरकार देश को असली डॉक्टर नहीं, बल्कि मुन्नाभाई एमबीबीएस देना चाहती है।

मां-बाप अपनी खून-पसीने की कमाई बच्चों की पढ़ाई में झोंक देते हैं, सरकार लाखों रुपयों में मेडिकल की सीटें बेचकर उनके सपनों का सौदा कर रही है। इस विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में युवा शक्ति के साथ-साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम गांधी, रवि जायसवाल, अशोक जैन, मयूर जायसवाल सौम्य दुबे, लखन बैस, गोल्डी बैस, मयंक चौरे आदि शामिल रहे।

## कृषि रथ से किसानों को मिलेगी अहम जानकारी

**नर्मदापुरम।** वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नर्मदापुरम जिले के किसानों को आधुनिक और उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए कृषि रथों की शुरुआत की गई है। शनिवार को जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे और कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर इन रथों को ग्रामीण अंचलों के लिए रवाना किया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने माखननगर और केसला विकासखंड के लिए, जबकि जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे ने नर्मदापुरम विकासखंड के लिए कृषि रथ का शुभारंभ किया।

## घटना: वट सावित्री पूजा के दौरान महिलाओं पर मधुमक्खियों का हमला, मची भगदड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के न्यास कॉलोनी क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्रकाश उद्यान में पूजा कर रही महिलाओं पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में करीब 3 से 4 महिलाएं घायल हुई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, वट सावित्री अमावस्या के अवसर पर सुबह करीब 7 बजे महिलाएं प्रकाश उद्यान स्थित वटवृक्ष के नीचे



सामूहिक पूजा और परिक्रमा कर रही थीं। इसी दौरान कुछ महिलाओं ने वहां हवन शुरू किया। बताया जा रहा है कि हवन के धुएं की वजह से वटवृक्ष पर लगा मधुमक्खियों का छत्ता भड़क गया और हजारों मधुमक्खियों ने महिलाओं पर हमला बोल दिया।

पूर्व पार्षद बृजमोहन गौर ने बताया कि उन्होंने सुबह खिड़की से देखा कि अचानक उद्यान में चीख-पुकार मच गई और महिलाएं जान बचाने के लिए इधर-बदल भागने लगीं। सूचना मिलते ही तत्काल घायल महिलाओं के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। गनीमत रही कि हमले के समय अन्य लोग भी मदद के लिए पहुंच गए, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई।

## सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रमोशन ऑफ नेचुरल एग्रीकल्चर बिल को राष्ट्रपति की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा प्रस्तुत निजी सदस्य विधेयक "द प्रमोशन ऑफ नेचुरल एग्रीकल्चर बिल, 2025" को लोकसभा में विचारार्थ प्रस्तुत किए जाने हेतु माननीय राष्ट्रपति महोदया द्वारा अनुशंसा प्रदान की गई है।

लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी पत्र एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी गई। पत्र में उल्लेख किया गया है कि संविधान के अनुच्छेद 117(3) के अंतर्गत राष्ट्रपति महोदया ने उक्त विधेयक



पर लोकसभा में विचार किए जाने की अनुशंसा की है।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्राकृतिक कृषि आज समय की आवश्यकता है। रासायनिक खेती से बढ़ती लागत, मिट्टी की उर्वरा शक्ति में कमी तथा किसानों की आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। यह विधेयक किसानों को कम लागत वाली, पर्यावरण अनुकूल एवं टिकाऊ खेती की दिशा में आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्राकृतिक खेती और जैविक कृषि को प्रोत्साहन देने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। यह विधेयक किसानों की आय बढ़ाने, भूमि की गुणवत्ता सुधारने तथा स्वस्थ कृषि व्यवस्था स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा।

सांसद चौधरी ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए माननीय राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अवैध भंडारण एवं उत्खनन पर प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम केसला तहसील इटारसी में कोयले के अवैध भंडारण किए जाने की शिकायत पर राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम केसला स्थित निजी भूमि के आंशिक भाग पर 3.10 टन कोयले का अवैध भंडारण पाया गया। संबंधित कोयले को जप्त कर लिया गया है तथा अवैध भंडारणकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण नियम 2006 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार ग्राम मोहासा एवं मकोडिया क्षेत्र में राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध मिट्टी उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## आदिवासी समाज में भारी आक्रोश: 19 से जिला मुख्यालय पर होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विशेष दर्जा प्राप्त क्षेत्र में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ अब आदिवासी समाज ने आरपार की लड़ाई का मन बना लिया है। शनिवार, 16 मई को ग्राम पंचायत केसला मुख्यालय में जिले के विभिन्न आदिवासी संगठनों की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक संपन्न हुई, जिसमें 19 मई से जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना और उग्र आंदोलन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक में वक्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि विगत डेढ़ माह से समाज के लोग एक विशेष



अधिकारी द्वारा गरीब आदिवासियों को बंधक बनाने, शारीरिक उत्पीड़न और अत्याचार करने के मामले में एफआईआर और बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं। पीड़ितों द्वारा लगातार गुहार लगाने के बावजूद प्रशासन ने दोषी अधिकारी पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है। शासन-प्रशासन के इसी ढुलमुल रवैये के विरोध में अब संयुक्त संगठनों ने रणनीति तैयार कर ली है।

आंदोलन को सफल बनाने और रणनीति तैयार करने हेतु आयोजित इस बैठक में जिले के प्रमुख संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से हमारा गांव संगठन, जय आदिवासी युवा शक्ति, मध्यप्रदेश आदि शामिल हुए।

## बढ़ते अपराधों और रंगदारी पर कांग्रेस ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिले में, विशेषकर पिपरिया क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराधों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने जिला पुलिस कप्तान (एसपी) साईं कृष्णा को ज्ञापन सौंपकर अपराधियों पर तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



**व्यापारियों में दहशत:** पिपरिया में हाल ही में अपराधियों द्वारा व्यापारियों पर पिस्टल से फायरिंग करने और लाखों रुपये की रंगदारी मांगने की घटनाओं से पूरे व्यापारी वर्ग में खौफ का माहौल है।

**संरक्षण की हो जांच:**

कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन से यह जांच करने की भी मांग की है कि इन बेखौफ अपराधियों को किन लोगों का राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है।

**मादक पदार्थों की तस्करी:**

जिलाध्यक्ष ने याद दिलाया कि उन्होंने पूर्व में भी पिपरिया में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री का मुद्दा उठाया था। मौजूदा हालात प्रशासन की इसी लापरवाही का नतीजा प्रतीत होते हैं। पार्टी ने स्पष्ट मांग की है कि जिले की कानून-व्यवस्था को तुरंत मजबूत किया जाए और अपराधियों के खिलाफ एक सख्त अभियान चलाया जाए ताकि आम जनता और व्यापारी खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

## स्पर्धा के समापन पर खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

# नर्मदा ट्रॉफी इंटर क्लब टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डीसीए बैतूल को हराकर यूथ क्रिकेट क्लब बनीं विजेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित नर्मदा ट्राफी इंटर क्लब टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला यूथ क्रिकेट क्लब नर्मदापुरम और डीसीए बैतूल के मध्य खेला गया जिसमें यूथ क्रिकेट क्लब ने 205 रनों से डी सी ए बैतूल को हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली है।

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि प्रतियोगिता में 12 क्लब टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमें फाइनल मुकाबला यूथ क्रिकेट क्लब नर्मदापुरम और डी सी ए बैतूल के मध्य खेला गया।यूथ क्लब ने टॉस



जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर के खेल में 4 विकेट खोकर 375 रनों का विशाल स्कोर बनाकर पारी घोषित की।यूथ क्लब की ओर से सिद्धार्थ भार्गव ने शानदार 159 रन और सौरव वर्मा ने 136 रनों की शतकीय पारी खेली।

दोनों शतकवीर बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 289 रनों की साझेदारी हुई। बैतूल के गेंदबाज तुषार, साहिल, आदित्य और गुलशन को 1-1 विकेट हासिल हुआ।

376 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसीए बैतूल की टीम 35,3 ओवर में महज 170 रनों पर ऑल आउट हो गई।जिसमें सर्वाधिक 41 रन हिमांशु चढ़ोकार और हेमंत नंदा ने 38 रनों का योगदान दिया। यूथ क्लब के गेंदबाज सौरव,मार्तंड और प्रवीण ने 2-2 विकेट और अथर्व,मोरिस एवं नीरज ने 1-1 विकेट लिया जबकि 1 विकेट रन आउट के रूप में प्राप्त हुआ। बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए सिद्धार्थ भार्गव को मेन ऑफ द मैच चुना गया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल फौजदार ने अपने उद्बोधन में इस वर्ष के टीमों के परफॉर्मेंस पर खुशी जाहिर की और कहा कि सभी खिलडियों को अपने अपने परफॉर्मेंस को ध्यान में रख कर उच्च स्तर पर ले जाना चाहिए एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## इटारसी प्रीमियर लीग विधायक कप के लिए हुआ मेगा ऑक्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में क्रिकेट प्रेमियों के बीच उत्साह का माहौल उस समय देखने को मिला जब 23 मई से प्रारंभ होने वाले इटारसी प्रीमियर लीग विधायक कप 2026 के लिए मेगा ऑक्शन का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के लिए कुल 265 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिन पर 16 फ्रेंचाइजी और उनके कप्तानों ने खुलकर बोली लगाई। इस मेगा ऑक्शन में सभी फ्रेंचाइजी आनर और कप्तान अपनी-अपनी टेबल पर मौजूद रहे। बड़ी स्क्रीन पर खिलाड़ियों की प्रोफाइल दिखाई जा रही थी और टीम मालिकों द्वारा खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने के लिए बढ़-चढ़कर बोली लगाई जा रही थी। पूरे आयोजन में आईपीएल जैसा रोमांच देखने को मिला।

कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र ओझा ने बताया कि यह पूरा आयोजन आईपीएल की तर्ज पर किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### आज बैतूल के कई क्षेत्रों में नहीं होगी जलापूर्ति

**बैतूल।** 33 केवी हमलापुर फीडर एवं 33 केवी हमलापुर उपकेंद्र पर प्रस्तावित मेंटेनेंस कार्य के चलते रविवार 17 मई को शहर की पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा जारी सूचना में बताया गया है कि मेंटेनेंस कार्य के कारण विवेकानंद वार्ड स्थित फिल्टर प्लांट की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके चलते रविवार को होने वाली पेयजल आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित रहेगी। नगर पालिका ने नागरिकों से पूर्व में पानी संग्रह करने की अपील की है।

### सदर में आज से शुरू होगी श्रीमद भागवत कथा

**बैतूल।** सदर बाजार स्थित गुदवारे परिवार द्वारा स्व. हितेश गुदवारे की स्मृति में संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज 17 मई से 23 मई तक किया जाएगा। आयोजन शारदा चौक स्थित जसन सदन, श्री गणेश मंदिर परिसर में होगा। कथा का वाचन प्रयागराज उत्तरप्रदेश के पूज्य कथा वाचक पंडित चंद्रशेखर प्रसाद दुबे द्वारा किया जाएगा, जो वर्तमान में बैतूल में निवासरत हैं। आयोजन की शुरुआत 17 मई रविवार को सुबह 8:55 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संस्कृत पाठ एवं दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा और प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। समापन 23 मई शनिवार को सुबह 11 बजे हवन-पूजन, विशेष आरती एवं महाप्रसादी के साथ होगा। आयोजन को लेकर गुदवारे परिवार की ओर से श्रद्धालुओं से सपरिवार पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।

### विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए शिविरों का होगा आयोजन

**बैतूल।** म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल शहर जोन-1 द्वारा संपर्क अभियान के अंतर्गत विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न वार्डों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में उपभोक्ताओं की बिजली बिल, मीटर, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 18 मई को सुबह 10 बजे से माध्यमिक शाला हनुमान मंदिर के सामने हमलापुर में शिविर आयोजित होगा। इस शिविर में क्लस्टर क्रमांक-1 अंतर्गत सुभाष वार्ड क्रमांक-01 एवं अर्जुन वार्ड क्रमांक-02 के उपभोक्ता शामिल होंगे। वहीं 20 मई को सुबह 10 बजे से आंगनवाड़ी केंद्र शिवाजी वार्ड मुर्गी चौक के पास शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें क्लस्टर क्रमांक-3 अंतर्गत शिवाजी वार्ड क्रमांक-05 एवं विकास वार्ड क्रमांक-28 के उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार 22 मई को सुबह 10 बजे से आंगनवाड़ी केंद्र भाग-1 अंबिका स्टील के पीछे जवाहर वार्ड में आयोजित होगा। इस शिविर में क्लस्टर क्रमांक-4 अंतर्गत टैगोर वार्ड क्रमांक-22 एवं जवाहर वार्ड क्रमांक-26 के उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जाएंगी। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन -1 के प्रबंधक ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की है।

### तकनीक आज सुविधा ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर बनने का भी माध्यम

**बैतूल।** भारत सरकार मंत्रालय के मेरा युवा भारत बैतूल युवा द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस संगोष्ठी, चित्रकला और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओ में विज्ञान, नवाचार एवं तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली, डॉ.महेश गुंजेले, चाणक्य राखड़े के आतिथ्य व अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य अजीश पंद्रे द्वारा की गई। वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी रेवाशंकर पंडाग्रे एवं धनंजय सिंह ठाकुर की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर छात्राओ के लिए चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

---

ये कैसी सुविधा...? टोकन मशीन बंद, मरीज कतार में खा रहे धक्के

# अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए लगी टोकन मशीन का नहीं उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में लाखों रुपए खर्च कर शुरू की गई टोकन व्यवस्था सिर्फ कागजों में सिमटकर रह गई है। टोकन जारी करने वाली मशीन कमरे में बंद पड़ी है, जबकि विभिन्न विभागों में लगाए गए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं।

नतीजतन मरीजों को पर्चा बनवाने, डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने के लिए तीन-तीन जगह कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि अस्पताल में रोजाना 700 से 800 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं जिसके कारण भीड़ और अव्यवस्था और बढ़ जाती है। मरीजों और उनके परिजनों को घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में यह परेशानी और भी गंभीर हो जाती है। मरीजों की इसी समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने करीब वर्ष 2024 में टोकन सिस्टम (क्यू मैनेजमेंट सिस्टम) लगाया था। इसके तहत कई जगहों पर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाए गए थे और सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया गया था। साथ ही एक टोकन मशीन भी स्थापित की गई थी, जिससे मरीजों को डिजिटल तरीके से नंबर मिल सके। हालांकि कुछ दिनों तक यह व्यवस्था चली, लेकिन इसके बाद सिस्टम ठप्प हो गया। जिम्मेदारों ने इसे दोबारा शुरू कराने की दिशा में कोई ठोस पहल तक नहीं की।

### मरीज बढ़ते ही डॉक्टर पर्चा देख लिख देते दवाइयां

जिला अस्पताल में स्थिति यह है कि सबसे पहले ओपीडी की पर्ची बनवानी पड़ती है, इसके बाद संबंधित डॉक्टर के चेंबर में जाना पड़ता। रोजाना औसतन 800 से अधिक मरीजों के पहुंचने से पर्ची बनवाने से लेकर डॉक्टर कक्ष के बाहर कतार लगते हुए धक्का-मुक्की खाते मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। यही स्थिति दवा वितरण केंद्र पर भी बन रही है। डॉक्टर कक्ष में भी भीड़-भाड़ होने से मरीजों का ठीक से उपचार तक नहीं मिलता। डॉक्टर भी पर्ची हाथ में लेकर बिना चेकअप और मरीजों से पूछकर ट्रीटमेंट लिखते हुए मरीजों को रवाना कर देते है।

### लाइन में धक्के खाते हैं मरीज और उनके परिजन

टोकन सिस्टम बंद होने से मरीजों को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। पर्ची कटवाने के लिए मरीजों को लाइन में लगना पड़ रहा है। यहां पर्ची कटवाने के बाद मरीज और उनके परिजन डॉक्टरों के चेंबर के सामने लंबी लाइन में खड़े रहते है। यहां उपचार के बाद दवा लेने के लिए लंबी कतार का सामना करना पड़ता है। इससे सही समय पर मरीजों को उपचार नहीं मिल पाता। कई बार देरी के कारण बुजुर्ग या गर्भवती महिलाएं उपचार कराने के बजाए परेशान होकर बैरंग लौट जाते है और उन्हें उपचार के लिए निजी क्लिनिक जाना पड़ता है। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### सिस्टम से सीधी निगरानी का था दावा

ओपीडी के समय डॉक्टरों की निगरानी भी इस सिस्टम से होना थी, लेकिन अब ओपीडी के समय ही अधिकांश डॉक्टर या तो यहां-वहां घूमते रहते है। ऐसी स्थिति आए दिन देखने को मिलती है। इसके चलते भी मरीजों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता है। हालांकि अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए अधिकारी निरंतर प्रयासरत है, लेकिन कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आ रहा है। यहां तक कि कई बार मरीजों के परिजनों को ही स्ट्रेचर वार्ड तक ले जाना पड़ता है और कर्मचारी गायब रहते है। इधर पर्ची बनाने के लिए भी मरीजों को लंबी कतार में खड़े रहकर पर्ची बनवाना पड़ता है और उपचार होने तक मरीज दर्द से कहराते रहते है।

### नए भवन बन रहे सुविधाएं जस की तस

जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नए-नए भवन बन रहे है, लेकिन सबसे जरूरी उपचार की सुविधा अब भी अस्पताल में जस की तस है। जिला अस्पताल में न तो स्वीकृत पद के बराबर डॉक्टर, विशेषज्ञ मौजूद है और न ही स्टॉप की पूर्ति हो पाई है। जिसके कारण अक्सर अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ती है। ऊपर से डॉक्टरों पर काम का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि वर्तमान में मरीजों को पर्ची कटवाने के बाद डॉक्टरों के कक्ष के सामने लंबी लाइन में घंटो खड़ा रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में बुजुर्ग मरीजों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती है।

### क्यू मैनेजमेंट सिस्टम के लाभ

क्यू मैनेजमेंट सिस्टम का उद्देश्य अस्पताल जैसी भीड़भाड़ वाली जगहों पर मरीजों को सुव्यवस्थित और समयबद्ध सेवाएं देना होता है। टोकन मिलने के बाद मरीजों को लाइन में घंटों खड़ा नहीं रहना पड़ता। इससे धक्का मुक्की और अव्यवस्था कम होती है। मरीज अपने टोकन नंबर के अनुसार जांच, डॉक्टर परामर्श और दवा काउंटर तक पहुंच सकते हैं। अनावश्यक इंतजार खत्म होता है। टोकन सिस्टम में बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और गंभीर मरीजों के लिए प्राथमिकता तय की जा सकती है। जिससे उन्हें जल्दी इलाज मिल सके। ओपीडी, जांच कक्ष और दवा वितरण काउंटर पर भीड़ नियंत्रित रहती है। अस्पताल स्टाफ को भी काम करने में आसानी होती है। पहले आओ पहले पाओ की व्यवस्था लागू रहती है। डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ तय क्रम से

**इनका कहना है**

टोकन मशीन राज्य शासन की ओर से भेजी गई थी। टोकन सिस्टम के संचालन में कुछ तकनीकी समस्याएं आ रही थी। जिसका सुधार होने के बाद पुन: शुरू करेंगे। वैसे काउंटर पर लाइन लंबी न लगे, इसके लिए अलग-अलग पर्ची काउंटर खोले गए है।

- डॉ. जगदीश घोरे
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

---

आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

# मजदूरी के पांच हजार रुपए मांगे तो गर्दन में मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आमला



आमला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले निमझीरी गांव में मजदूरी के पैसे मांगने गए एक 18 वर्षीय युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, निमझीरी निवासी 18 वर्षीय अभिषेक पिता गोलू मजदूरी का काम करता है। कुछ समय पहले वह गांव के ही राकेश सायबू नामक व्यक्ति के साथ बाहर काम करने गया था। काम पूरा होने के बावजूद राकेश ने उसे मजदूरी के करीब 5 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया था। अपनी इसी बकाया राशि की मांग करने के लिए अभिषेक शुक्रवार शाम करीब 7 बजे राकेश के पास पहुंचा था। पैसे मांगने के दौरान दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जिसने जल्द ही हिंसक रूप ले लिया। घायल युवक की मौसी सरिता ने बताया कि विवाद बढन्ने पर आरोपी राकेश ने तैश में आकर अभिषेक की गर्दन पर चाकू से जोरदार हमला कर दिया। इस हमले में अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके गले से काफी खून बहने लगा। अचानक हुई इस वारदात से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से लहूलुहान अवस्था में अभिषेक को तत्काल आमला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। आमला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने अभिषेक का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए तुरंत बैतूल जिला अस्पताल रेफर किया। फिलहाल जिला अस्पताल में उसका उपचार जारी है ।

## बोलेरो और बाइक की टक्कर में 2 की मौत

### बरेठा घाट के पास हुए हादसे में 2 की हालत गंभीर

**बैतूल।** बैतूल-भोपाल हाईवे पर बरेठा घाट के पास निशाना जोड़ पर बीती रात हुए एक सडक हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई। बोलेरो और बाइक के बीच हुई इस आमने-सामने की टक्कर में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। दोनों मृतक छात्र भोपाल स्थित सेज यूनिवर्सिटी में बीसीए सेकंड ईयर के विद्यार्थी थे और एक ही बाइक पर सवार होकर भोपाल से जुन्नारदेव की तरफ जा रहे थे। मृतकों की पहचान जुन्नारदेव के तेलीबर निवासी 21 वर्षीय आश्विनी उइके और बिहार के रोहतास निवासी 19 वर्षीय अक्षय कुमार के रूप में हुई है। वहीं, उनके साथ बाइक पर सवार तीसरा युवक आयुष भारती (निवासी मुंगेर, बिहार) इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ है। दूसरी ओर, बोलेरो वाहन सेमरतार से भौरा की ओर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। निशाना जोड़ के पास दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बोलेरो में सवार कुही रानीपुर निवासी 40 वर्षीय गोपाल पंद्राम को भी गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल प्रबंधन से जुड़े अरविंद कमरे ने बताया कि दोनों मृत छात्रों के शवों का पोस्टमार्टम शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, दुर्घटना की मुख्य वजह नेशनल हाईवे-46 पर रॉन्ग साइड से ओवरटेक करना मानी जा रही है। घटनास्थल पर बोलेरो वाहन सडक के दाहिने हिस्से (रॉन्ग साइड) में खड़ा मिला है, जिससे पुलिस आशंका जता रही है कि ओवरटेक करने के प्रयास में ही यह टक्कर हुई। घटना के बाद से बोलेरो चालक मौके से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## ननिहाल आया 10वीं का छात्र तालाब में डूबा, मौत

**बैतूल।** हिवरखेड़ी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक 16 वर्षीय छात्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक छात्र छुट्टियों में अपने नाना-नानी के घर आया हुआ था। मृतक की पहचान मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम मोही निवासी गौरव सोलंकी (पिता घनश्याम सिंह सोलंकी) के रूप में हुई है। गौरव कक्षा दसवीं का छात्र था और स्कूल की छुट्टियों के चलते हिवरखेड़ी स्थित अपने नाना-नानी के घर आया हुआ था। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच गांव के लोगों ने तालाब में एक बालक को डूबते देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से लगभग 10 बजे बालक के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बैतूल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल बैतूल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस बालक के तालाब में डूबने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

---

## स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया



**शाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार रघुवंशी द्वारा डेंगू के बचाव की जानकारी व बचाव के उपाय बताए गए। डेंगू के लक्षण एडीस मच्छर की उत्पत्ति स्थलों के विषय में जानकारी दी गई। एमटीएस सुबोध गढ़वाल द्वारा ग्रामीणों से नागरिकों से अस्पताल में उपस्थित स्टाफ से अपील कि घर के आसपास पानी जमा न होने दे। कूलर को सप्ताह में एक बार खाली कर सुखाकर पानी बदलकर उपयोग करे। मटके, टंकी, अंडरग्राउंड टैंक को ढककर रखे। मच्छरदानी लगाकर सोए। बुखार आने पर शीघ्र निकटतम उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एवं ग्राम में आशा कार्यकर्ता के पास मलेरिया या डेंगू के लक्षणों की जाँच करवाए। झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराने से बचे। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार रघुवंशी, बीपीएम बलदेव नागले, एमटीएस सुबोध गढवाल, प्रभारी बीईई एडी नागले, नर्सिंग ऑफिसर नूतन राठौर एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## धनौरा समूह नल-जल योजना के ट्रीटमेंट प्लांट का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने शुक्रवार को आठनेर विकासखंड के भ्रमण के दौरान धनौरा समूह नल-जल योजना के जल शुद्धिकरण संयंत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था एवं भविष्य की विस्तार योजनाओं की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। पीएचई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल शुद्धिकरण प्लांट की क्षमता 3.76 एमएलडी है तथा वर्तमान में योजना के माध्यम से 22 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने ग्राम जावरा में पेयजल आपूर्ति की स्थिति के संबंध में जानकारी ली।अधिकारियों ने बताया कि ग्राम की जनसंख्या के अनुसार 55 एलपीसीडी मानक के तहत प्रतिदिन पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। योजना का क्रियान्वयन वर्ष 2014-15 में किया गया था तथा वर्तमान में प्लांट पूर्ण क्षमता से संचालित हो रहा है।

---

# दीपक वोहरा जैसे वैश्विक व्यक्तित्व का आगमन जन परिषद के लिए गौरव का विषय : कैलाश

### वार्षिकोत्सव में पुलिस महानिदेशक, एयर मार्शल एवं वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/भौंरा

जन परिषद के वार्षिक उत्सव में इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पूर्व राजनयिक व भारत सरकार के वरिष्ठ पूर्व राजदूत दीपक वोहरा की उपस्थिति आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगी। उनके आगमन को लेकर जन परिषद के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के लोगों में उत्साह का वातावरण है। जन परिषद बैतूल के अध्यक्ष विजय दीक्षित ने बताया कि दीपक वोहरा भारतीय विदेश सेवा के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त राजनयिक रहे हैं।

उन्होंने आर्मेनिया, जॉर्जिया, सूडान, दक्षिण सूडान एवं पोलैंड सहित कई देशों में भारत के राजदूत के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं। इसके अलावा वे अंतरराष्ट्रीय संबंधों एवं रणनीतिक विषयों के विशेषज्ञ के रूप में भी अपनी पहचान रखते हैं। समारोह में मप्र के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, एयर मार्शल प्रमोद श्रीवास्तव तथा मप्र शासन के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी अनुपम राजन को भी आमंत्रित किया गया है। इन प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति से समारोह को विशेष गरिमा प्राप्त होगी। जन परिषद इंटर स्टेट कमेटी सचिव कैलाशप्रसाद अग्निहोत्री ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के माध्यम से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दीपक वोहरा अपने प्रभावशाली वक्तृत्व, स्पष्ट विचारों एवं दूरदर्शी सोच के लिए विशेष रूप से पहचाने जाते हैं। ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व की उपस्थिति से जन परिषद के वार्षिक उत्सव को नई पहचान एवं गरिमा प्राप्त होगी।

---


कांतिशिवा टॉकीज के सामने से फैली गंदगी हटाई

# शहर को आदर्श और स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता त्योहार अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा शनिवार स्वच्छता का त्योहार अभियान के अंतर्गत शनिवार को गंज क्षेत्र स्थित कांती शिवा टॉकीज के सामने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं समृद्ध बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान के तहत लंबे समय से क्षेत्र में फैली गंदगी को नगरपालिका टीम ने हटाकर आसपास के पूरे क्षेत्र की व्यापक सफाई की। अभियान के दौरान सफाई



कर्मचारियों और अधिकारियों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई तथा नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पार्षदगण एवं समाजसेवी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की। नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार स्वच्छता अभियान संचालित किए जा रहे हैं, ताकि जनजागरूकता बढ़े और बैतूल को स्वच्छ एवं आदर्श नगर के रूप में विकसित किया जा सके।

---

विधायक ने की पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं में वितरित हुआ प्रसाद, धार्मिक आयोजनों का चला दौर

# शनि जयंती पर शनि मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

शनि जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को नगर के माता मोहल्ला स्थित अग्रवाल जी के खेत परिसर में बने शनि मंदिर में धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने पहुंचकर शनि देव का विधिवत पूजा-अर्चना किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।शनिवार सुबह 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धा एवं भक्ति का वातावरण बना रहा। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।आयोजन के दौरान विधायक उइके ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक परंपराएं समाज को एकता एवं सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने लोगों से धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। शनि जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, भाजपा पदाधिकारी, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत

**बैतूल।** शुक्रवार को वट सावित्री पर्व मनाया गया। महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा। वट वृक्ष की पूजा कर महिलाओं ने पति की लंबी उम्र, सौभाग्य और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। वट सावित्री का पर्व ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर दिन भर उपवास रखती है। वट वृक्ष की पूजा करती है। दिन भर पूजा अर्चना का दौर जारी रहा। वट सावित्री को लेकर बाजार में भी पूजा अर्चना संबंधित सामग्री खरीदने के लिए चहल-पहल बनी रही। महिलाएं वट सावित्री के दिन कच्चा धागा लेकर चारों ओर से सात परिक्रमा की जाती है। इसके बाद बरगद के पेड़ को जल, फूल और रोली चढ़ाई जाती है। वट सावित्री के मौके पर व्रत कथा पढ़ी जाती है। पूजा अर्चना के बाद आरती करके मिठाई वितरित की जाती है।

### वट सावित्री व्रत पर महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा-अर्चना

पति की दीर्घायु एवं परिवार की सुख-सभौंरा। नगर में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्थित वट वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचीं महिलाओं ने पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष का पूजन किया तथा वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधे। धार्मिक कथाओं का श्रवण करते हुए वट सावित्री व्रत की महत्ता का वर्णन भी किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार वट सावित्री व्रत को अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

### कलयुग में मंत्र जाप सफलता का मार्ग: नित्या किशोरी शर्मा

**बैतूल।** जिले के आठनेर स्थित विकास नगर में आयोजित देवी महापुराण कथा के छठवें दिवस पर वृंदावन से पधारी सुश्री नित्या किशोरी शर्मा ने श्रद्धालुओं को मां अंबे की भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि कलयुग में जीवन को सफल बनाना है तो मां अंबे की पूजा-अर्चना और उनके मंत्रों का जाप करना आवश्यक है। कथा के दौरान उन्होंने महाकाल शिवजी और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान के दर्शन करने के लिए मन की आंखों को खुला रखना जरूरी है, तभी सच्ची भक्ति का अनुभव होता है। सुश्री नित्या किशोरी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति हमारी बुराई या चुगली करता है तो दुखी होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वह हमारी बुराई कर हमारे पाप अपने सिर पर ले रहा होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि चिंता नहीं करना चाहिए, केवल भगवान का चिंतन और नाम स्मरण करना चाहिए। कथा आयोजन में महिला मंडल ग्रुप कान्हा की मुरली की सदस्य दीपा साहू, कविता पांडे, लक्ष्मी पट्टैया, मनीषा सोनी, कंचन मालवी, गीता कदम आदि शामिल थे।

# जनगणना ड्यूटी के दौरान महिला कर्मी की अचानक बिगड़ी तबीयत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

जनगणना कार्य में ड्यूटी पर नियुक्त एक महिला कर्मचारी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार चतरखेड़ा क्षेत्र में ड्यूटी के लिए जा रही महिला कर्मचारी नगर पालिका के पास पहुंची ही थीं कि उन्हें अचानक चक्कर आए और वह अचेत होकर गिर पड़ीं।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत सहायता के लिए पहल की।

मौके पर मौजूद मयंक अग्रवाल ने महिला कर्मचारी को पानी और ग्लूकोज दिया, जबकि राहुल नागेश्वर ने अपनी दुकान पर पंखा चलाकर उन्हें आराम करने की व्यवस्था की। कुछ देर तक महिला कर्मचारी को वहीं बैठाकर राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। प्राथमिक राहत मिलने के बाद महिला कर्मचारी को ऑटो के माध्यम से तत्काल सिविल अस्पताल सिवनी मालवा पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के दौरान बताया कि महिला कर्मचारी का ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ गया था, जिसके कारण उनकी तबीयत बिगड़ी।

फिलहाल अस्पताल में महिला कर्मचारी का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है और उनकी स्थिति पर चिकित्सकों द्वारा निगरानी रखी जा रही है। घटना के दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा दिखाई गई तत्परता की सराहना की जा रही है। समय रहते मदद मिलने से महिला कर्मचारी को तत्काल राहत पहुंचाई जा सकी और उन्हें अस्पताल तक पहुंचाने में भी सहयोग किया गया।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

**नर्मदापुरम।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा कक्ष में सीईओ जिला पंचायत नर्मदापुरम हिमांशु जैन की अध्यक्षता में विशेष डीएलसीसी बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलडीएम सी.एम. कुमार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि रमेश वाघेला, मुख्य प्रबंधक किशोर कुमार सिलधरिया, जिला प्रबंधक एनआरएलएम जिला पंचायत नर्मदापुरम देवेश वर्मा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सहित विभिन्न विभागों एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से बैंकों में सीएम हेल्पलाइन के एल-1 एवं एल-2 स्तर पर लंबित एवं अनअटेंडेड शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

## फिश स्पा और स्नार्कलिंग का अनुभव सुर्खियों में


# ऑफबीट टूरिज्म में चमका पचमढ़ी, पर्यटकों के लिए बना देश का नंबर-1 पसंदीदा स्पॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

गर्मी के इस कड़े मौसम में जहां लोग मैदानी इलाकों की तपन से परेशान हैं, वहीं हिल स्टेशन और वॉटरफॉल्स की तलाश में पचमढ़ी इन दिनों पर्यटकों का सबसे पसंदीदा स्पॉट बनकर उभरा है। साधारण और पारंपरिक पर्यटन से हटकर पचमढ़ी ने 'ऑफबीट टूरिज्म' के मामले में पूरे देश में नंबर-1 स्थान बना लिया है और इन दिनों जमकर सुर्खियां बटोर रहा है।

प्रकृति के इस अनमोल उपहार और एडवेंचर के इस बेहतरीन कॉम्बिनेशन के कारण पचमढ़ी इस सीजन में पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है।

### कठिन ट्रैकिंग के बाद स्नॉर्कलिंग का अनोखा रोमांच



पचमढ़ी की खूबसूरती सिर्फ इसके ऊंचे पहाड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां कई ऐसी छिपी हुई जगहे हैं जहां पर्यटक कठिन ट्रैकिंग के बाद पहुंचते हैं। यहां इन दिनों 'स्नॉर्कलिंग' जैसी रोमांचक वाटर एक्टिविटी पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है। स्नॉर्कलिंग के तहत पर्यटक कांच का विशेष मुखौटा (स्नॉर्कल मास्क) लगाकर जब यहां के कांच जैसे साफ पानी में उतरते हैं, तो उन्हें पानी के भीतर का एक बिल्कुल अलग संसार दिखाई देता है। पानी के अंदर तैरती रंग-बिरंगी मछलियां, अनोखे पत्थर और शंख को बेहद करीब से देखना अपने आप में एक जादुई और यादगार अनुभव साबित हो रहा है।


### प्रकृति का अनमोल उपहार: 'नेचुरल फिश स्पा'



स्नॉर्कलिंग के अलावा पचमढ़ी में पर्यटकों को एक और जादुई अनुभव मिल रहा है, वह है प्राकृतिक 'फिश स्पा' (Fish Spa)। आमतौर पर बड़े शहरों के स्पा सेंटर्स में हजारों रुपये खर्च करके ली जाने वाली यह थेरेपी पचमढ़ी में प्रकृति की ओर से बिल्कुल मुफ्त मिल रही है। पचमढ़ी के प्रसिद्ध रामकुंड और अन्य जलकुंडों में जब पर्यटक पानी के भीतर अपने पैर डालकर बैठते हैं, तो सैकड़ों की तादाद में छोटी-छोटी मछलियां उनके पैरों के पास जमा हो जाती हैं। ये मछलियां पैरों की डेड स्किन (मृत त्वचा) को साफ करती हैं, जिससे पर्यटकों की पूरी थकान मिट जाती है।

## खबर संक्षेप

### 27 वर्षीय युवक मोनेश का आकस्मिक निधन



**नर्मदापुरम।** माखन नगर शनिचरा बाजार निवासी मुकेश मालवीय के बड़े पुत्र मोनेश मालवीय 27 वर्ष के शुक्रवार को असमय निधन से मालवी परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट गया। शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया अंत्येष्टि में विधायक सहित सामाजिक एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत मोनेश को श्रद्धांजलि देते हुए मालवीय परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की छोटे भाई हर्ष मालवीय ने मुखाग्नि दी।

### मानसून पूर्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**नर्मदापुरम।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रमुख अभियंता आंदन सिंह ने संयुक्त संचालक सुरेश बेलिया के साथ नर्मदापुरम स्थित संयुक्त संचालक कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में उप परियोजना संचालक प्रशासन राजीव रंजन पाण्डेय, परियोजना प्रबंधक सुबोध जैन, सहायक परियोजना प्रबंधक राहुल समाधिया सहित नर्मदापुरम के नपा अधिकारी मौजूद रहे।

## स्टेट हाईवे के किनारों को बनाया बिल्डिंग मटेरियल रखने का स्थल, जिम्मेदार मौन

# राह के रोड़ा बन रहे हाईवे के किनारे लगे गिट्टी और लोहा सरिया के ढेर

स्टेट हाईवे किनारे बिल्डिंग मटेरियल विक्रेताओं द्वारा अपनी सामग्री पटकी जाती है। जिसके कारण दुर्घटनाओं के आसार लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं इन दुकानदारों द्वारा सामग्री को बाहर रोड किनारे फैला दी जाती है और मार्ग को अवरूद्ध कर दिया जा रहा है।





फोटो 1। स्टेट हाईवे किनारे लगा गिट्टी का ढेर। फोटो 2। स्टेट हाईवे किनारे शासकीय भूमि पर रखा लोहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय पर स्टेट हाईवे किनारे बिल्डिंग मटेरियल विक्रेताओं द्वारा अपनी सामग्री पटकी जाती है। जिसके कारण दुर्घटनाओं के आसार लगातार बढ़ रहे हैं। नागरिकों में इस बात का विरोध है तथा उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई की अपेक्षा की है।

सोहागपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता शिरीष तिवारी ने गत दिवस हरिभूमि से चर्चा में बताया कि सोहागपुर क्षेत्र में स्टेट हाईवे के किनारे कई लोगों द्वारा बिल्डिंग मटेरियल पटका जाता है। जिसके कारण दुर्घटनाओं के आसार बढ़ रहे हैं। तिवारी ने कहा कि बिल्डिंग मटेरियल विक्रेता अपनी गिट्टी अथवा लोहे के सरिया जैसी सामग्री स्टेट हाईवे के ठीक किनारे पर पटककर रखते हैं। जिसके कारण वाहनों की क्षति अथवा गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती जा रही है। तिवारी तथा अन्य नागरिकों के अनुसार जब कभी आमने-सामने से आने वाले वाहन एक दूसरे को क्रॉस करते हैं तो प्रायः स्टेट हाईवे से नीचे वाहनों को उतारा जाता है। लेकिन कई स्थलों पर बिल्डिंग मटेरियल हाईवे किनारे पड़ा होने पर वाहन चालकों को परेशानी होती है तथा इससे दुर्घटनाओं की आशंकाएं बढ़ती हैं। नागरिकों ने इस मनमानी पर रोक लगाने की अपेक्षा प्रशासन से की है।

### लगे हैं दर्जनों ढेर

नागरिकों की सूचना पर शनिवार को हरिभूमि संवाददाता ने नगर क्षेत्र का भ्रमण किया तो पाया कि पिपरिया रोड पर नए बस स्टैंड से लेकर नर्मदापुरम्-रोड पर शंकर मंदिर तक कई स्थलों पर बिल्डिंग मटेरियल विक्रेताओं द्वारा सड़क किनारे सामग्री पटकी गई है। मुख्य रूप से इसमें गिट्टी तथा लोहे की सामग्री शामिल है। सीमेंट जैसी सामग्री को व्यापारी दुकान में सुरक्षित रखते हैं, लेकिन गिट्टी तथा लोहा हाईवे किनारे शासकीय भूमि पर रखा जाता है। जिसका ना तो सरकार को कोई किराया दिया जाता है ना अनुमति ली जाती है। और इस तरह शासकीय भूमि पर कब्जा बना रहता है। कभी अनदेखी तो कभी आर्थिक समझौतों के चलते दुकानदारों को शेड बनाने की छूट मिल जाती है। और यूं शासकीय भूमि स्थाई रूप से व्यापारी के कब्जे में अतिक्रमण के रूप में चली जाती है। नागरिकों ने इस प्रक्रिया पर कार्रवाई की मांग प्रशासन से की है।

# रिवाल्वर अड़ाकर पैसे मांगने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया मंगलवारा बजाश्र नेहरू बार्ड पुराने बस स्टैंड पर दिनांक 16/5/26को सचिन इलेक्ट्रिक दुकान पर जाकर रिवाल्वर अड़ा कर रज्जू पुरुविया जेल में बंद अपराधी के नाम से 5 लाख रुपए मांगे गए थे। रूपे ना देकर एफआईआर दर्ज कराने थाने गए तभी आरोपी ने सचिन इलेक्ट्रिक दुकान पर जाकर रिवाल्वर से 5 फायर किए।

रात में ही करार समाज केद्वारा व्यापारी वर्ग ने थाने का घिराव किया था जिसके लिए पुलिस ने सचिन जायसवाल दुकान पर एवं निवास पर सुरक्षा बढ़ाई थी।

शनिवार को दोपहर 12 बजे तक बजार बंद रहा। व्यापारी वर्ग एवं करार समाज ने रैली निकाली और पुलिस एसडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। एसडीओ पी ने बताया कि एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच के अनुसार घटना के तार भोपाल से जुड़े हुए हैं। शीघ्र ही सभी खुलासा किया जाएगा। नगर में शांति स्थापित रहेगी।

## शनि अमावस्या पर चौका घाट पर श्रमदान किया



**माखन नगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखन नगर द्वारा जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम ( सुरक्षित जल -समृद्ध कल) द्वितीय चरण 28 मार्च से 04 जून 2026 के अंतर्गत आज शनि अमावस्या पर नर्मदा मैया के चौका घाट गनेरा पर श्रमदान कर घाट की साफ-सफाई और नर्मदा तट पर मां नर्मदा से अनुभूति की गई साथ ही माँ नर्मदा को हमेशा स्वच्छ रखेगे ये संकल्प शपथ ली गई इस अवसर पर नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति नीतिराज सिंह यादव, राजेश मीना, वीरेंद्र यादव, दुष्यंत यादव,पूरन यादव, रेवती कीर,तारेश परसाई आदि शामिल रहे।

# किसानों को दी गई आधुनिक कृषि और ई-टोकन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में 16 मई 2026 को कृषि क्षेत्र में जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य ₹कृषि रथ यात्रा₹ का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा को जिला कलेक्टर द्वारा कृषि विभाग के समस्त मैदानी अमले की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर विधि-विधान से रवाना किया गया।

### विभिन्न ग्रामों में पहुंचा कृषि रथ

शुभारंभ के पश्चात कृषि रथ विकासखंड माखन नगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नयाधाई नया बोरी एवं ग्राम पंचायत खारदा (डोलरिया) पहुँचा। जहाँ कृषि और संबद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कृषक चौपाल एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

### वरिष्ठ अधिकारियों ने किसानों से किया संवाद



कृषि रथ यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से कृषि विभाग के सहायक संचालक चेतन मातिखाये, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सलिल साहू कृषि विस्तार अधिकारी श्री पी एस पवार उद्यान विस्तार अधिकारी श्रीमती रुक्मणी मरावी सहित पशुपालन विभाग के अधिकारी व मैदानी स्टाफ उपस्थित रहा। विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित किसानों को कृषि को लाभ का धंधा बनाने और उन्नत तकनीकों को अपनाने हेतु विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

### उर्वरक हेतु ई-टोकन की सलाह

अधिकारियों ने किसानों को आगामी खरीफ/रबी सीजन में खाद की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ई-टोकन व्यवस्था के माध्यम से उर्वरक प्राप्त करने की समझाइश दी, ताकि उन्हें कतारों से मुक्ति मिले और समय पर खाद मिल सके।

### मृदा स्वास्थ्य एवं नरवाई प्रबंधन

मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार ही उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण और भूमि के मित्र कीटों को बचाने के लिए नरवाई (फसल अवशेष) न जलाने की सख्त अपील की गई। फसल विविधीकरण पारंपरिक खेती के स्थान पर दलहन, तिलहन और नकदी फसलों को अपनाने पर जोर दिया गया ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। फसलों को बीमारियों से बचाने के लिए एकीकृत कीट प्रबंधन और उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के माध्यम से फल-सब्जी की उन्नत खेती के बारे में रुक्मणी मेरावी द्वारा जानकारी दी गई।कृषि रथ यात्रा को लेकर क्षेत्र के किसानों में खासा उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में मौजूद कृषकों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी जिज्ञासाएँ और शंकाएँ रखीं।

# खेल, संस्कृति और राष्ट्रभावना का भव्य संगम: श्रीराम कप सीजन-2 का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पचमढ़ी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरती पर खेल, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के अनूठे संगम के साथ बहुप्रतीक्षित “श्रीराम कप सीजन–2” क्रिकेट महाकुंभ का भव्य शुभारंभ हो गया है। “वन्दे मातरम्” के 150 वर्ष को समर्पित इस ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें चार अलग-अलग पूलों में विभाजित किया गया है। रोशनी से नहाए मैदान पर आतिशबाजी और देशप्रेम के सुरों के बीच शुरू हुए इस आयोजन को लेकर खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है। टूर्नामेंट का आधिकारिक शुभारंभ क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं आदित्य नारुलिया द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में छावनी परिषद के नॉमिनेट सदस्य संजय लेडवानी, पूर्व साडा अध्यक्ष कमल धूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन झा सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार “विक्रमादित्य ग्रुप ऑफ़ इंस्टीच्यूशंस” द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है, जिसे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य रूपेन्द्र मन्नू साहू का कहना था कि श्रीराम कप सीजन–2 केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं को जोड़ने, स्थानीय खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देने और खेल भावना के माध्यम से राष्ट्रवाद को मजबूत करने का एक प्रेरणादायी प्रयास है।

## प्राधिकृत अधिकारियों की बैठक एवं प्रशिक्षण हुआ

**सोहागपुर।** जपं सोहागपुर के सभा कक्ष में स्थानीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम वर्ष 2026 के संबंध में बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम गत दिवस किया गया है। मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थिति में यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्राधिकृत कर्मचारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य प्रक्रिया, दिशा-निर्देश तथा आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है। सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित निर्वाचन शाखा से प्रोग्रामर अमित मिश्रा ने बताया कि बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

## लोधा समाज ने मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

# लोधा समाज की प्रतिभाओं को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



लोधा लोवंशी क्षत्रिय समाज महिला संगठन जिला नर्मदापुरम द्वारा सिवनी मालवा स्थित लोधा लोवंशी मांगलिक भवन में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष श्रीमती राधा हंसराज बरकुड़ एवं जिला प्रभारी श्रीमती अनिता रामकृष्ण वर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता का भी सम्मान किया गया।

समारोह में वर्ष 2025-26 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोधा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोधा लोवंशी क्षत्रिय समाज प्रदेश महिला संगठन अध्यक्ष मनीषा संतोष लोवंशी ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में लोधा महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र साध, प्रदेश अध्यक्ष महेश लोवंशी, जिला अध्यक्ष विवेक साध सहित राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान लव-कुश एवं मां सरस्वती के पूजन-अर्चन और कन्या पूजन के साथ किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत मेधावी छात्र-छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर की गई, जिससे पूरे आयोजन का माहौल उत्साह और सम्मान से भर गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष राधा हंसराज बरकुड़ ने दिया, जबकि कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला प्रभारी अनिता रामकृष्ण वर्मा ने रखी। वक्ताओं ने बच्चों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

# क्षीरधारा ग्राम योजना की हुई समीक्षा बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

क्षीरधारा ग्राम योजना के अंतर्गत दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा हितग्राही आधारित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशु पोषण, कृत्रिम गर्भाधान एवं हितग्राहियों से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में एसडीएम विजय राय, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री श्रुति चौधरी, डॉक्टर उत्कर्ष भारद्वाज, डॉ. नवीन पालीवाल, कृषि विभाग के एसडीओ संजय पाठक एवं एनआरएलएम के मेहराज अली उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने पर चर्चा की। पशुओं के पोषण, स्वास्थ्य और कृत्रिम गर्भाधान की व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.**

राजकुमार आ. कल्ला रघुवंशी निवासी डूंडाखापा तहसील सोहागपुर........आवेदक
//विरूद्ध //
1. श्रीमति मीना पत्नि हल्के उर्फ रामभरोस
2. अंजली पुत्री हल्के उर्फ रामभरोस निवासी पचमढी रोड पिपरिया...........अनावेदकगण
**रा.प्र.क्र. 0015/अ-6/2019-20**
**मौजा - डूडाखापा तह. सोहागपुर जिला- नर्मदापुरम**
**// सूचना पत्र //**

आपको - श्रीमति मीना पत्नि हल्के उर्फ रामभरोस, अंजली पुत्री हल्के उर्फ रामभरोस निवासी पचमढी रोड पिपरिया को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय राजकुमार आ. कल्ला रघुवशी निवासी ग्राम डूंडाखापा के द्वारा न्यायालय में धारा 109-110 म.प्र. भू.रा. सहिता के तहत ग्राम डूडाखापा में स्थित भूमि ख.न. 84/1 रकबा 1.619 है. भूमि वसीयतनामा दिनांक 05/01/2025 के माध्यम से नामातंरण किये जाने का आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है । अतः उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 26/05/2026 तक आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जबाब प्रस्तुत करें। उक्त पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी । आज दिनांक 11/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

**तहसीलदार सोहागपुर जिला नर्मदापुरम्**

**जाहिर सूचना**

हर खास एवं आम तथा जो इस से सम्बंधित हो को सूचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार ने दीपक पटेल आत्मज श्री राजाराम पटेल आयु 41 वर्ष निवासी जगजीवनराम नगर इंदौर एवं महेन्द्र पटेल आत्मज श्री राजाराम पटेल आयु 48 वर्ष निवासी जूनियर एम.आई.जी. जय बजरंग नगर इंदौर से उनके हक एवं स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति सिंचित कृषि भूमि मौजा ग्राम सोनासावरी प. ह.नं. 14 खसरा नं. 106/2 कुल जुमला रकबा 0.7659 हेक्टेयर विक्रय अनुबंधित किया गया रकबा 0. 7659 हेक्टेयर याने 1.89 एकड जो कि ग्राम सोनासावरी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम में स्थित है जिसकी सीमा उत्तर मे - नारायण ठेकेदार जी का मकान, दक्षिण मे नाला, पूर्व मे श्रीकृपा जनरल मिल्स की भूमि पश्चिम मे बबलू राठौर की जमीन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से बयाना राशि अदा कर किया है। मेरा पक्षकार शीघ्र ही इस सम्पत्ति का पंजीकृत विक्रयपत्र अपने पक्ष मे निष्पादित करावेगा। अतः मेरे पक्षकार द्वारा उक्त ग्राम सोनासावरी स्थित कृषि भूमि / सम्पत्ति के किये गये अनुबंध पर अथवा इस सम्पत्ति के विक्रय पर किसी व्यक्ति, शासकीय अथवा अशासकीय संस्था निगमित निकाय, बैंक, आदि को कोई आपत्ति ऐतराज हो अथवा उक्त सम्पतित पर किसी का हक स्वामित्व एवं या आधिपत्य हो या कहीं रहन बंधक हस्तांतरित हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय मूल दस्तावेज के लिखित रूप से मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में दर्ज करावें। अन्यथा निकल जाने म्याद दर्ज कराई गयी आपत्ति मान्य एवं स्वीकार नहीं होगी और अनुबंध के अनुसार सम्पत्ति के सौदे का पालन कर पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया जावेगा । उक्तानुसार सूचना जाने । इस सूचना पत्र का प्रकाशन मेरे द्वारा मेरे पक्षकार के निदेर्शानुसार किया गया। इटारसी दिनांक 13/05/2026

भवदीय **सी. के. पटेल** अधिवक्ता
कार्या: 13वी लाईन इटारसी
मोबाईल नं. 9826875318

## खबर संक्षेप

### हरदा में नया पावर ट्रांसफार्मर चार्ज

**हरदा।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड हरदा वृत्त के उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। ग्राम सोडलपुर (गुराड़खेड़ा) स्थित 132 के.वी. अति उच्चदाब उपकेन्द्र में नया पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत (चार्ज) कर दिया गया है। ट्रांसमिशन कम्पनी के द्वारा नियमानुसार 3 दिन बाद निगमित 33 के.व्ही. नवीन फीडरों पर क्रमशः प्रति फीडर को ऊर्जीकृत किया जाएगा। महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि नवनिर्मित अति उच्चदाब सोडलपुर उपकेन्द्र से टिमरनी, रहटगांव, करताना, सोडलपुर, उन्द्राकच्छ व टेमागांव क्षेत्र के लगभग 200 से अधिक ग्रामों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय किया जा सकेगा। इससे लगभग 51357 कृषि घरेलू, गैर घरेलू एवं औद्योगिक एल.टी. एवं एच.टी. उपभोक्ता लाभान्वित होंगे तथा कम वॉल्टेज व अधिक ट्रिपिंग की समस्या का निराकरण होगा।

### मां-बेटे से 8 किलो गांजा जब्त, दोनों गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शाहगंज थाना क्षेत्र से 8 किलो 459 ग्राम गांजा जब्त किया है। गुरुवार को मामले में एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब गांजे की सप्लाई चेन और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने में लगी है। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में और शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदिरा कॉलोनी निवासी किरण कुचबंदिया अवैध रूप से गांजा बेचने का काम कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में दबिश दी। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान किरण कुचबंदिया के कब्जे से कुल 8 किलो 459 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी महिला को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने किरण कुचबंदिया के बेटे अजय कुचबंदिया को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गांजा कहां से लाया जा रहा था और इसकी सप्लाई किन-किन क्षेत्रों में की जा रही थी। मामले में आगे की जांच जारी है।

### सीएमएचओ ने किया टीकाकरण शिविरों का निरीक्षण

**सीहोर।** सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने ग्राम मोगराराम एवं गुड़भेला में आयोजित टीकाकरण शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बच्चों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। टीकाकरण बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने टीकाकरण रजिस्टर के साथ ही वैक्सीन उपलब्धता की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएमएचओ के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारियों ने अलग-अलग केंद्रो पर जाकर शिविरों का निरीक्षण किया।

---

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य संस्थाओं पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए

# डेंगू नियंत्रण की शपथ दिलाई, कहा सफाई करें व पानी को ढककर रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस डेंगू नियंत्रण के लिए जनभागीदारी, जाँच करें, सफाई करें और ढके थीम पर मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय सहित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने कर्मचारियों व आमजन को डेंगू नियंत्रण की शपथ दिलाई।

उन्होंने अपील की कि टंकियों, कूलरों व अन्य पात्रों में जमा पानी में हर तीन दिन में मच्छर के लार्वा की जाँच करें, सफाई करें और पानी को ढककर रखें। डॉ. सिंह ने कहा, ह्यडेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ व रुके हुए पानी में अंडे देता है। इसलिए घर व आस-पास पानी जमा न होने दें और निकासी की व्यवस्था करें। डेंगू नियंत्रण के लिए हम सभी की जागरूकता और सहभागिता जरूरी है।ह्व इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुए। ग्रामों में नारा लेखन, ऑटो से माइकिंग व पंपलेट वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया।

### डेंगू के लक्षण और बचाव

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि डेंगू से संक्रमित होने के 4-7 दिन में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशी-हड्डी-जोड़ों में दर्द, उल्टी, आंखों में दर्द, त्वचा पर लाल चकते, सांस लेने में कठिनाई, थकान, चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण दिखाई देते है। बुखार आने पर तुरंत खून की जांच कराएं। जिला चिकित्सालय हरदा में डेंगू की जांच निःशुल्क उपलब्ध है। मच्छरदानी का उपयोग करें, खिड़की-दरवाजों पर जाली लगवाएं, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें, कूलर का पानी सप्ताह में बदलें, पानी के बर्तन ढककर रखें, आस-पास पानी जमा न होने दें।

## सीएमएचओ ने राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की

### हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान के निर्देश




हरदा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने शुक्रवार को सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश चौहान, सभी लेखापाल, बीईई, बीपीएम, बीसीएम एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन 12 सप्ताह के पूर्व अनिवार्य रूप से किया जाए। हाईरिस्क श्रेणी की महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इनकी सूची सभी कर्मचारियों के पास उपलब्ध हो ताकि समय पर प्रबंधन हो सके। प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में माह में कम से कम एक बार अनिवार्य रूप से ब्लड डोनेशन कैंप लगवाए, जिससे हितग्राहियों को समय पर पर्याप्त ब्लड उपलब्ध हो सके। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित स्थान से सार्थक एप पर अटेंडेंस लगाएं। जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता के हितग्राहियों के प्रसव अपडेट, ई-केवाईसी व डीबीटी अपडेट कराकर समय-सीमा पर भुगतान किया जाए। समस्या वाले प्रकरणों का लेखापाल भोपाल जाकर निराकरण कराएं। टीबी मरीजों का शत-प्रतिशत चिन्हांकन कर तत्काल उपचार शुरू कराया जाए। बैठक में डॉ. सिंह ने निर्देशित किया कि सभी संस्थाओं में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश। डॉ. सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन जन-स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी अधिकारी लक्ष्य अनुसार कार्य कर आमजन को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं।

---

दाऊदी बोहरा समाज की पहल

## गर्मी से राहत के लिए 'बीट द हीट' अभियान चलाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में मई की गर्मी खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। शनिवार को जिले में पारा 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जिससे सड़कें सूनी रहीं। इसी बीच, दाऊदी बोहरा समाज ने भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए 'बीट द हीट' अभियान चलाया।

समाज के सदस्यों ने शहर के नया बस स्टैंड पर राहगीरों और यात्रियों को ठंडा शरबत वितरित किया। यह पहल दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु की प्रेरणा से की गई थी। इस अभियान के तहत बस स्टैंड और मुख्य मार्गों पर बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों, पैदल चल रहे राहगीरों, वाहन चालकों और आमजन को शरबत बांटा गया। बोहरा समाज के युवाओं और सदस्यों ने सेवा भावना के साथ लोगों को शरबत पिलाया। हरदा में इस अभियान को 'प्रोजेक्ट राइज' के अंतर्गत संचालित किया गया। समाज के सदस्य कुतुबुद्दीन ने बताया कि दाऊदी बोहरा समाज सामाजिक सेवा और मानवता के कार्यों में हमेशा सक्रिय रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि 'प्रोजेक्ट राइज' के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। कुतुबुद्दीन के अनुसार, भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को तत्काल राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह 'बीट द हीट' अभियान चलाया गया। इस सेवा कार्य की आमजन ने सराहना की। लोगों ने बोहरा समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में मानवता और भाईचारे का संदेश देते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, 16 से 19 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी बनी रहेगी। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच लू का असर सबसे अधिक रहने की संभावना है। लोगों को बहुत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई है।

---

## किसानों का पानी को लेकर माचक नहर में तीसरे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन




**खिरकिया।** माचक नहर टेल क्षेत्र में नहीं मिल रहा है पानी। किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के लिए पानी सारसूद बावड़ियां जूनापानी पड़वा तारापुर पहेट छीपाबड़ के किसान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। तीसरे दिन भी सतक जारी रहा। दूसरे दिन रात्रि में विधायक अभिजीत शाह अपना समर्थन देने के लिए रात्रि में धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्या सुनी और फोन पर अधिकारियों से बात की और ऊपर 3008 में पानी बढ़ने की बात की और किसानों को आश्वासन दिया कि आपकी 36 घंटे की औसराबंदी में किसी भी हाल में पानी दिया जावेगा। अगर पानी नहीं आता है तो मैं खुद धरने में आकर बैठूंगा। धरने में किसान मौजूद शंकर सिंह सोलंकी भूपेंद्र राजपूत किसान कैलाश सिंह कलाम बलवंत सिंह कलाम बबलू राजपूत शिवशंकर राजपूत शुभम निकुम पड़वा तारापुर कृष्णा राजपूत शिवदान सोलंकी आनंद चौहान लोकेश सोलंकी राहुल राजपूत सरदार राजपूत कैलाश राजपूत दीवान रामनाथ ठाकुर रवि कलाम वीरेंद्र समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

---

शनि जयंती का पर्व पूर्ण श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया

## शनिदेव को सरसों का तेल व काले तिल अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जत्रा पड़ाव स्थित शनि मंदिर में शनिवार को शनि जयंती का पर्व पूर्ण श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

भक्तों ने भगवान शनिदेव के दर्शन कर उन्हें सरसों का तेल और काले तिल अर्पित किए तथा अपने परिवार की खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन-अर्चन के पश्चात मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर पंडित प्रह्लाद अग्निहोत्री ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को न्याय और कर्म के देवता भगवान शनि का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस पावन अवसर पर शनिदेव की विशेष पूजा-आराधना और मंत्रों का जाप किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन लोगों की कुंडली में शनि दोष है या जो साढ़ेसाती और ढैय्या से प्रभावित हैं, उनके लिए इस दिन की पूजा विशेष लाभदायक मानी जाती है। धार्मिक मान्यता है कि शनि जयंती के दिन सच्चे मन से पूजा-आराधना, दान-पुण्य और जप करने से सभी प्रकार की समस्याओं और शारीरिक व मानसिक कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। इस वर्ष शनि जयंती के विशेष महत्व पर प्रकाश डालते हुए सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित मुरलीधर व्यास ने बताया कि इस बार पूरे 13 साल बाद एक बेहद दुर्लभ संयोग बना है। शनिवार का दिन स्वयं भगवान शनिदेव को समर्पित होता है और इसी दिन शनि जयंती का पड़ना इसके धार्मिक महत्व को अनंत गुना बढ़ा देता है। इसके साथ ही इस अवसर पर सौभाग्य योग, शोभन योग और गजकेसरी योग समेत कई अन्य शुभ योगों का भी निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि शनिदेव हमेशा व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार ही फल प्रदान करते हैं, इसलिए इस दुर्लभ संयोग में की गई प्रार्थना और सत्कर्म जीवन में विशेष फलदायी साबित होते हैं।

---

तीन सप्ताह से संचालित समर कैंप 2026-27 में रंगारंग और उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा

## समर कैंप के समापन पर बच्चों ने की मौज मस्ती, पूल पार्टी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




शहर के शिवानुजा प्ले स्कूल में लगभग तीन सप्ताह से संचालित समर कैंप 2026-27 का गत दिवस रंगारंग और उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। कैंप के अंतिम दिन बच्चों के चेहरों पर खुशी, उत्साह और ऊर्जा साफ दिखाई दी। पूरे परिसर में बच्चों की खिलखिलाहट और मस्ती का माहौल बना रहा।

समापन समारोह में समाजसेवी सचिन व्यास एवं वैश्य महासम्मेलन जिलाध्यक्ष दीपक नेमा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए स्कूल द्वारा किए जा रहे रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा की। समर कैंप के अंतिम दिन स्कूल परिसर के गार्डन में विशेष पूल पार्टी का आयोजन किया गया, जो बच्चों के आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने पानी में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के साथ जमकर मस्ती की। गीत गानों की धुनों और खेल गतिविधियों के बीच बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कैंप के अंतिम दिन को यादगार बना दिया। स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

कार्यक्रम के दौरान कैंप में शामिल सभी बच्चों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के मानसिक, शारीरिक और रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है। स्कूल की डायरेक्टर विभूति गौर ने बताया कि समर कैंप की शुरुआत 25 अप्रैल से हुई थी। यह कैंप शिवानुजा स्कूल के विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किया गया। कैंप के दौरान बच्चों ने वातानुकूलित कक्षों में रहकर आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्रॉइंग, पेंटिंग, डांस, कर्सिव राइटिंग, फोनिक्स साउंड, बेसिक अबेकस जैसी अनेक रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लिया। इसके साथ ही बच्चों ने स्कूल के वातानुकूलित थिएटर में मनोरंजक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आनंद भी लिया। उन्होंने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य केवल बच्चों का मनोरंजन करना नहीं, बल्कि उनकी रचनात्मक क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना था।

कैंप के दौरान बच्चों में अनुशासन, टीमवर्क और सीखने की उत्सुकता भी देखने को मिली। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल समीक्षा त्यागी, सुधा ठाड़ा, ऋतु राजपूत, भावना वर्मा सहित अन्य स्टाफ मौजूद था।

---

हरदा में कृषि रथ का हुआ शुभारंभ

## 10 दिन तक गांव-गांव में किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी ज्ञान देगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला हरदा में कृषि रथ अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही टिमरनी एवं खिरकिया विकासखंडों में भी तीन कृषि रथों का संचालन शुरू हुआ, जो आगामी 10 दिनों तक ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगे। जिले के कृषि रथ को जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोत, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, उप संचालक कृषि जे.एल. कासदे, कृषि वैज्ञानिक डॉ. पुष्पा झरिया, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यनारायण बांके एवं अन्य विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप संचालक कास्दे ने बताया कि कृषि रथ के माध्यम से जिले की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों को ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण व एग्री स्टैक पर फार्मर आईडी बनाने, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, कीट एवं रोग प्रबंधन, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि को लाभकारी बनाने के उपाय व विभाग की जनकल्याणकारी योजनाएं, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सहित शासन की अन्य योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कृषि रथ में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक तथा कृषि, आत्मा परियोजना, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी प्रतिदिन मौजूद रहकर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देंगे। कृषि रथ रोजाना 3 से 4 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर किसानों से सीधे संवाद कर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों एवं योजनाओं से लाभान्वित करेगा। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

कलेक्ट्रेट में राठौर समाज ने किया प्रदर्शन, बोले- मौत नहीं हत्या है

# मां गायत्री अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर डॉक्टर परमार पर एफआईआर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्ट्रेट में राठौर क्षत्रीय समाज आक्रोशित दिखाई दिया। घटना के विरोध में लोगों ने बाइक रैली निकाली। समाजजनों ने डिप्टी कलेक्टर जमील खान को पूरी घटना बताई। चाय पीने से मयूरी की मृत्यु की बात को गलत बताया। समाज ने प्रसूता मयूरी राठौर की मौत को गंभीर घटना बताया। जिम्मेदार डॉक्टर सुजाता परमार को ठहराया। माँ गायत्री हॉस्पिटल का लाइसेंस रदद करने की मांग उठाई। डॉक्टर पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की मांग भी दोहराई।




बग्गी खाना छावनी के अनिल राठौर की धर्मपत्नि मयूरी राठौर को गर्भास्था के चलते प्रसव पीडा होने पर 10 मई को रात 10 बजे मॉ गायत्री हॉस्पिटल इछावर रोड़ में संचालिका डॉ. सुजाता परमार के सुझाव पर परिजनों ने भर्ती कराया गया था। डॉ. सुजाता परमार के सुझाव पर 11 बजे सीजर ऑपरेशन किया गया है। सीजर होने के पश्चात मयूरी राठौर ने एक पुत्र को जन्म दिया। मयूरी और उनका पुत्र पूर्ण रूप से स्वस्थ था। दूसरे दिन 11 मई को सुबह10 बजे तक स्वास्थ्य अच्छा था और जब मयूरी राठौर को इंजेक्शन लगाया तो कुछ समय के पश्चात उनके मुहँ से झाग जैसा द्रव्य निकलने लगा।

डॉ. सुजाता परमार को बुलाया और डॉ. सुजाता परमार हॉस्पिटल के स्टाफ के कर्मचारी के साथ प्रसूता मयूरी को आई.सी.यू. में ले गई 15 मिनिट बाद अनिल से कहा की आपकी पत्नि अब नही रही है उनकी मृत्यु हो गई है इस प्रकार माँ गायत्री हॉस्पिटल की संचालिका के द्वारा मयूरी राठौर की गलत इंजेक्शन देने पर उनकी मृत्यु हुई है। इसके साथ ही अनिल राठौर द्वारा मृत्यु का कारण पूछे जाने पर एक जिम्मेदार डॉक्टर ने कहा कि मृत्यु चाय पीने मृत्यु हुई है।

प्रदर्शन में समाजसेवी सतीष राठौर, राठौर समाज अध्यक्ष रामचन्दर राठौर, जितेंद्र राठौर, विवेक राठौर, अखिलेश पहलवान,सन्नी सरदार सहित बड़ी संख्या में राठौर समाजजन और मृतिका मयूरी के परिजन मौजूद रहे।

---

## रेहटी के पास हादसा, भोपाल के दंपती की मौतःअज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मारी, वाहन चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

जिले के रेहटी थाना क्षेत्र में देलावाड़ी मार्ग पर आज दोपहर एक सड़क हादसे में भोपाल के एक दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी स्कूटी को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी।

मृतकों की पहचान भोपाल के भारतीय निकेतन निवासी आशुतोष दीक्षित और उनकी पत्नी ज्योति ठाकुर के रूप में हुई है। यह हादसा देलावाड़ी के समीप हुआ। बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आशुतोष दीक्षित अपनी पत्नी ज्योति ठाकुर के साथ स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

### टक्कर मारने के बाद चालक फरार



सूचना मिलते ही रेहटी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस टक्कर मारकर फरार हुए अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस आसपास के ढाबों और चेकपोस्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा सके। दुर्घटना के बाद मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई थी, जिसे पुलिस ने यातायात सुचारू कराकर सामान्य किया।